तमसो मा ज्योतिर्गमय

Rinmat Regional Management & Technical Literary Society

1A, Bank Road, Prayagraj (Allahabad) (0532) 2641701. e-mail : indiaindiaindiaindia@hotmail.com

दिनांक : 20/06/2019

सेवा में,
तहसीलदार,
तहसील–फूलपुर,
जिला–प्रयागराज (इलाहाबाद)

विषय : भूमि के सम्बन्ध में प्रमाणपत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

हमारी उपरोक्त सोसाइटी ने ग्राम कसेरूआ कला, तहसील–फूलपुर में खसरा प्लाट नं0 7 व 8 की कुल 0.82 एकड़ भूमि द्वारा रजिस्ट्री दिनांक 15/09/2008 व 27/03/2009 को क्रय की है। इसमें हम फार्मेसी/तकनीकी विद्यालय स्थापित कर रहे हैं। फार्मेसी काउंसिल एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, उ0प्र0 से अनुमोदन हेतु हमें भूमि के सम्बन्ध में, संलग्न प्रारूप में, आपसे प्रमाणपत्र की आवश्यकता है। इस पत्र के साथ भूमि सम्बन्धित निम्न की फोटो छायाप्रति संलग्न है :

1. भूमि की रजिस्ट्री दिनांक 15/09/2008 व दिनांक 27/03/2009।
2. भूमि का खसरा।
3. तहसीलदार द्वारा निर्गत भूमि पर अधिभार/बंधक न होने का प्रमाणपत्र।
4. प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि पर भवन निर्माण का स्वीकृति परमिट।

अतः आपसे निवेदन है कि संलग्न प्रारूप के अनुसार हमें प्रमाणपत्र शीघ्र देने की कृपा करें।

धन्यवाद।

भवदीय

Anand Agrwl

(आनन्द अग्रवाल)
अध्यक्ष

संलग्न – उपरोक्त

कार्यालय तहसीलदार फूलपुर, प्रयागराज

संख्या–35 / रा0लि0 फूलपुर / 2019–20 दिनांक : 15 / 07 / 2019

श्री आनन्द अग्रवाल, अध्यक्ष
रिनमैट रीजनल मैनेजमेंट एण्ड टेक्निकल लिटरेरी सोसाइटी
1ए, बैंक रोड
प्रयागराज

महोदय,

कृपया अपने पत्र दिनांक 20 / 06 / 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जो भूमि सम्बन्धित प्रमाणपत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में है। सम्बन्धित प्रकरण की जांच नायब तहसीलदार दक्षिणी फूलपुर से कराई गई। जिनकी आख्या पर निम्न प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है :

प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम कसेरुआ कला के खसरा प्लाट नं0 7 एवं 8 पर कुल 0.82 एकड़ (दोनो रजिस्ट्री द्वारा) भूमि की रजिस्ट्री रिनमैट रीजनल मैनेजमेंट एण्ड टेक्निकल लिटरेरी सोसाइटी, 1ए, बैंक रोड, प्रयागराज के नाम रजिस्ट्री संख्या 3576 दिनांक 15 / 09 / 2008 एवं रजिस्ट्री संख्या 4275 दिनांक 27 / 03 / 2009 द्वारा की गई।

इस भूखण्ड पर कोई स्वामित्व विवाद नहीं है व यह हर प्रकार के अधिभार / बंधक आदि से मुक्त है यह भूखण्ड एक सम्पूर्ण प्लाट के रूप में है एवं इस भूखण्ड के मध्य किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं है। इस भूखण्ड पर बने भवन का मानचित्र प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किया गया है जो कि इस मैट्रो / शहरी क्षेत्र में मानचित्र स्वीकृत करने के अधिकृत हैं। यह भूखण्ड एवं भवन फार्मेसी / तकनीकी विद्यालय चलाने हेतु उपयुक्त है।

कृपया द्वारा अवगत हों।

तहसीलदार / मजिस्ट्रेट फूलपुर, प्रयागराज

धीरेन्द्र कुमार यादव

(धीरेन्द्र कुमार यादव)
तहसीलदार फूलपुर
प्रयागराज